22/04/2026

आकाशवाणी ईटानगर

आज जम्मू-कश्मीर में हुए पहलगाम आतंकी हमले को एक साल पूरे हो गएं हैं। पिछले वर्ष इसी दिन पहलगाम में आतंकवादियों द्वारा किए गए हमले में छब्बीस निर्दोष लोगों की जान चली गई थी, जिनमें अधिकांश पर्यटक थे। अरुणाचल प्रदेश के लोअर सुबनसिरी जिले के ज़ीरो स्थित, ताजांग गांव के लोगों द्वारा इस हमले में जान गंवाने वाले दिवंगत कॉर्पोरल तागे हाल्यांग की पहली पुण्यतिथि का आयोजन किया गया। इस अवसर पर कॉर्पोरल के पिता तागे तादे ने राके स्मृति स्थल पर दिवंगत के प्रतिमा का अनावरण किया। कार्यक्रम में बड़ी संख्या में गांव के बुजुर्गों और स्थानीय निवासियों ने एकजुटता का प्रदर्शन करते हुए दो मिनट का मौन रखकर दिवंगत आत्मा को श्रद्धांजलि अर्पित की।

0000000000000000000000

शिक्षा, महिला, बाल, युवा एवं खेल से संबंधित विभागीय संसदीय स्थायी समिति का अध्ययन दौरा कल ईटानगर में आयोजित हुआ। समिति के अध्यक्ष, सांसद एवं वरिष्ठ कांग्रेस नेता दिग्विजय सिंह सहित नौ अन्य सदस्य राज्य के दौरे पर हैं। इससे पहले समिति ने स्पोर्ट्स अथॉरिटी ऑफ इंडिया के अंतर्गत सांगेय ल्हादेन स्पोर्ट्स अकादमी, चिम्पू, ईटानगर स्थित नेशनल सेंटर ऑफ एक्सीलेंस का दौरा भी किया।

इसके बाद समिति ने दौरे से जुड़े विभिन्न विभागों और हितधारकों के साथ बैठक भी की।

0000000000000000000000

कुरुंग कुमे जिला पुलिस द्वारा मंगलवार को फरार कैदी और कुख्यात अपराधी बिरजू भूमिज को 24 घंटे के भीतर गिरफ्तार कर लिया गया। इस सफल अभियान में सामान्य महिला किसानों ने महत्वपूर्ण भूमिका निभाई। कोलोरियाङ मुख्यालय में स्थित निकजा गांव के खेतों में काम कर रहीं महिला किसानों ने आरोपी को देखते ही तुरंत पुलिस को सुचित किया। समुदाय से मिली सूचना के आधार पर पुलिस स्टेशन के प्रभारी अधिकारी गेमो जिनी के नेतृत्व में पुलिस टीम तुरंत मौके पर पहुंची और आरोपी को हिरासत में लिया।

0000000000000000000000

अरुणाचल प्रदेश के न्येमान वांगसू ने रुस के मोसकौ में आयोजित International Wushu Championship, Moscow Wushu Star, में **चांगक्वान**, **दाओशू** और **गुनशू** स्पर्धाओं में तीन रजत पदक प्राप्त किए। तो वहीं, मर्सी ङाइमोंग (Ngaimong) ने **जियानशू** और **कियांगशू** स्पर्धाओं में दो रजत पदक जीते। दोनों खिलाड़ियों ने Asian Games 2026 के लिए प्रारंभिक ट्रायल भी सफलतापूर्वक पास कर लिए हैं। यह खेल प्रतियोगिता जापान में उन्नीस सितंबर से चार अक्टूबर, 2026 तक आयोजित की जाएगी।

0000000000000000000000

शिक्षा राज्य मंत्री पासांग दोरजी सोना द्वारा मंगलवार को लोअर सियांग ज़िले के कोयू स्थित सरकारी उच्चतर माध्यमिक विद्यालय में 'गोल्डन जुबली मॉडल स्कूल' की इमारत का उद्घाटन किया। इस अवसर पर उन्होंने इस बात पर ज़ोर दिया कि सिर्फ़ इंफ्रास्ट्रक्चर के विकास से ही अच्छी शिक्षा सुनिश्चित नहीं हो सकती, बल्कि पढ़ाई के नतीजों को बेहतर बनाने के लिए लोगों की भागीदारी भी उतना ही महत्वपूर्ण है। उन्होंने सभी से अपील की है कि वे मिलकर ज़िम्मेदारी उठाते हुए बच्चों का दाखिला सरकारी स्कूलों में करवाएँ। अपने दौरे के दौरान, शिक्षा मंत्री ने शिक्षकों से बातचीत भी की और नई इमारत के परिसर में वृक्षारोपण अभियान में हिस्सा लिया। श्री सोना ने भरोसा दिलाया कि हॉस्टल की इमारत का नवीनीकरण कराने के लिए ज़रूरी फंड भी उपलब्ध कराया जाएगा। उन्होंने इस बात पर ज़ोर दिया कि शिक्षा ही सर्वांगीण विकास की कुंजी है।

0000000000000000000000

ईस्ट सियांग के नवनियुक्त जिला सूचना एवं जनसंपर्क अधिकारी (DIPRO) बिङाम (Bingam) गामलिन ने मंगलवार को पदभार ग्रहण किया। उन्होंने पूर्व DIPRO दीपाली दोदुम का स्थान लिया, जो पिछले कुछ वर्षों से इस पद पर कार्यरत थीं और हाल ही में ईटानगर स्थानांतरित हुई हैं।

गामलिन बी.टेक (सिविल इंजीनियरिंग) में स्नातक हैं और राज्य लोक सेवा आयोग (APPSC) परीक्षा (25 बैच) के माध्यम से नई नियुक्ति प्राप्त की है।

0000000000000000000000

लोअर सुबनसिरी में क्षेत्रीय कनेक्टिविटी और अवसंरचना सुरक्षा को तेज करने के उद्देश्य से उपायुक्त ओली परमे की अध्यक्षता में जिला स्तरीय दूरसंचार निगरानी समिति (DLTMC) की बैठक आयोजित की गई। बैठक में 4G/5G टावर स्थापना परियोजना पर चर्चा की गई तथा मेडिकल लाइन, एसएसबी कॉलोनी और St. Claret's कॉलेज जैसे संवेदनशील क्षेत्रों में नेटवर्क कवरेज की कमी को दूर करने पर जोर दिया गया। बैठक में "Call Before You Dig" (CBuD) मोबाइल ऐप के अनिवार्य उपयोग पर भी बल दिया गया, ताकि खुदाई कार्यों का समन्वय किया जा सके और भूमिगत संरचनाओं की सुरक्षा सुनिश्चित हो सके। साथ ही सेवा प्रदाताओं से भूमि आवंटन से जुड़ी समस्याओं के समाधान पर भी जोर दिया गया।

0000000000000000000000

ईटानगर मौसम विभाग ने आज राज्य के ग्यारह जिलों पापुम पारे, लोअर सुबनसिरी, क्रा-दादी, ईस्ट सियाङ, लोअर सियाङ, लोहित, नामसाई, आंजाव, चाङलाङ, तिराप और लोङदिङ के येलो अलर्ट जारी किया हैं।

विभाग के अनुसार इन सभी जिलों में अगले 24 घंटों में अलग अलग स्थानों में ग़रज के साथ बिजली गिरने और बहुत तेज बारिश होने की संभावना हैं।

00000000000000000000000

अरुणाचल प्रदेश भवन एवं अन्य निर्माण कर्मकार कल्याण बोर्ड द्वारा तवांग के क्यिदफेल स्थित सरकारी माध्यमिक विद्यालय में आज जागरूकता शिविर एवं कल्याण किट वितरण कार्यक्रम का सफल आयोजन किया गया। कार्यक्रम के मुख्य अतिथि, जेडपीएम क्यिदफेल तेनजिन मोनपा ने राष्ट्र निर्माण में श्रमिकों के महत्वपूर्ण योगदान की सराहना की। उन्होंने सभी श्रमिकों से इन पहलों का लाभ उठाने के लिए बोर्ड में पंजीकरण कराने की अपील की।

00000000000000000000000